भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1546
जिसका उत्तर 12.03.2025 को दिया जाना है
सड़क सुरक्षा शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों की स्थिति

1546 श्री नीरज डांगीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) सरकार द्वारा वर्तमान में सड़क सुरक्षा शिक्षा संबंधी कौन-कौन सी योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और विगत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास प्रतिवर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का कोई आंकड़ा है, यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य सहित इन दुर्घटनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्तमान में देश में सड़क सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कितने परिवहन कार्यालय संचालित है विशेषकर राजस्थान राज्य सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार की स्कूलों/कॉलेजों में सड़क सुरक्षा संबंधी पाठ्यक्रम शामिल करने की कोई योजना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों/कार्यकलापों को कार्यान्वित करता है जैसे कि सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार कार्यक्रम, त्रि-स्तरीय चालन प्रशिक्षण संस्थान अर्थात राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में चालन प्रशिक्षण व अनुसंधान संस्थान (आईडीटीआर), क्षेत्रीय चालन प्रशिक्षण केंद्र (आरडीटीसी) और चालन प्रशिक्षण केंद्र (डीटीसी) की स्थापना करना, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता पैदा करना, आईआईटी मद्रास में सड़क सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट केंद्र की स्थापना करना, गुड समारिटन अवार्ड स्कीम, देश भर में सड़क सुरक्षा माह मनाना इत्यादि। पिछले तीन वित्तीय वर्ष के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत जारी निधि नीचे दिए अनुसार है:-

क्र. सं.	**योजनाएं**	**जारी की गई धनराशि (करोड़ रु. में)**		
		वित्त वर्ष 2021-22	**वित्त वर्ष 2022-23**	**वित्त वर्ष 2023-24**
1	सड़क सुरक्षा प्रचार उपाय और जागरूकता अभियान, एनएचएआरएसएस, असंगठित क्षेत्र में ड्राइवरों का पुनश्चर्या प्रशिक्षण और मानव संसाधन विकास आदि।	41.48	67.65	85.04

(ख) सरकार राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर "भारत में सड़क दुर्घटनाओं" पर रिपोर्ट प्रकाशित करती है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2020 से 2022 तक देश में सभी श्रेणियों की सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:-

वर्ष	**सड़क दुर्घटनाएं**
2020*	3,72,181
2021*	4,12,432
2022	4,61,312

** - कोविड प्रभावित वर्ष*

कैलेंडर वर्ष 2020 से 2022 तक देश में सभी श्रेणी की सड़कों पर सड़क दुर्घटनाओं की कुल संख्या का राज्यवार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग) वाहन डैस बोर्ड के अनुसार 11.3.2025 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान राज्य के 59 क्षेत्रीय कार्यालय सहित देश में 1438 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय हैं।

(घ) सरकार ने सड़क सुरक्षा की शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तक में शामिल करने का मामला राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के साथ उठाया है।

अनुबंध

"सड़क सुरक्षा शिक्षा संबंधी कार्यक्रमों की स्थिति" के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 12.03.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1546 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

कैलेंडर वर्ष 2020-2022 के लिए सड़क दुर्घटनाओं का राज्यवार विवरण				
क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2020	2021	2022
1	आंध्र प्रदेश	19,509	21,556	21,249
2	अरुणाचल प्रदेश	134	283	227
3	असम	6,595	7,411	7,023
4	बिहार	8,639	9,553	10,801
5	छत्तीसगढ	11,656	12,375	13,279
6	गोवा	2,375	2,849	3,011
7	गुजरात	13,398	15,186	15,751
8	हरियाणा	9,431	9,933	10,429
9	हिमाचल प्रदेश	2,239	2,404	2,597
10	झारखंड	4,405	4,728	5,175
11	कर्नाटक	34,178	34,647	39,762
12	केरल	27,877	33,296	43,910
13	मध्य प्रदेश	45,266	48,877	54,432
14	महाराष्ट्र	24,971	29,477	33,383
15	मणिपुर	432	366	508
16	मेघालय	214	245	246
17	मिजोरम	53	69	133
18	नागालैंड	500	746	489
19	ओडिशा	9,817	10,983	11,663
20	पंजाब	5,203	5,871	6,138
21	राजस्थान	19,114	20,951	23,614
22	सिक्किम	138	155	211
23	तमिलनाडु	49,844	55,682	64,105
24	तेलंगाना	19,172	21,315	21,619
25	त्रिपुरा	466	479	575
26	उत्तराखंड	1,041	1,405	1,674
27	उत्तर प्रदेश	34,243	37,729	41,746
28	पश्चिम बंगाल	10,863	11,937	13,686
29	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	141	115	141
30	चंडीगढ़	159	208	237
31	दादर एवं नागर हवेली *	100	140	196
32	दिल्ली	4,178	4,720	5,652
33	जम्मू और कश्मीर $	4,860	5,452	6,092
34	लद्दाख		236	374
35	लक्षद्वीप	1	4	3
36	पुदुचेरी	969	1,049	1,181
कुल (अखिल भारतीय)		**3,72,181**	**4,12,432**	**4,61,312**

नोट: * इसमें वर्ष 2020 से 2022 तक के लिए दमन और दीव का डेटा शामिल है।
$ वर्ष 2020 के लिए लद्दाख का डेटा शामिल है ।

*****